मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की; जान गंवाने वालों की स्मृति में पेड़ लगाकर 2025 का पृथ्वी दिवस मनाया

नई दिल्ली, 23 अप्रैल, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए इस जघन्य आतंकी हमले की निंदा की और जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), भारत सरकार के सहयोग से आयोजित एक संगोष्ठी में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ और कुलसचिव प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में शांति, मानवता एवं करुणा का आह्वान किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्मृति और सम्मान के प्रतीक के रूप में, प्रोफेसर आसिफ, प्रोफेसर रिजवी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के अन्य अधिकारियों, विशिष्ट अतिथियों एवं छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के सामने के लॉन में 26 पेड़ लगाए गए। हमले में अपनी जान गंवाने वालों को सम्मानित करने और याद करने का वादा करते हुए जामिया प्रशासन ने स्मारक पेड़ों के रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी ली है और साथ ही मानवीय भावना के प्रतीक स्वरूप वार्षिक स्मरण समारोह आयोजित करने की जिम्मेवारी ली है ।

दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्देश्य 22 और 23 अप्रैल 2025 को मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवस के बारे में जागरूकता फैलाना और ज्ञान का प्रसार करना था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में सूचित करना और इसे बेहतर बनाने के विचारों पर चर्चा करना है। संगोष्ठी के हिस्से के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय और आईआईटी दिल्ली सहित अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

प्रो. मजहर आसिफ ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने स्वागत भाषण की शुरुआत की। तदुपरांत विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की डीन प्रो. मिनी थॉमस ने अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों का स्वागत किया। प्रो. सूर्य प्रकाश (अध्यक्ष, जीएमआरडी, एनआईडीएम) के अतिथि व्याख्यान के बाद एनआईडीएम के कार्यकारी निदेशक श्री राजेंद्र रत्नू, आईएएस द्वारा विचार-मंथन और ज्ञानवर्धक जागरूकता वार्ता हुई। दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, आईसीएएस ने जैव विविधता पार्कों के विषय और प्रकृति के संरक्षण कार्यों में दिल्ली विकास प्राधिकरण के योगदान के बारे में बात की।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. रिजवी ने पृथ्वी दिवस और इसके महत्व पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया और छात्रों एवं संकाय सदस्यों को पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आने और जमीनी स्तर पर पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति एवं कुलसचिव तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पर्यावरण विज्ञान विभाग के न्यूज़लेटर के विमोचन के साथ कार्यक्रमों का समापन हुआ।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया